# दुःख की विदाई – सुखमय संसार के आगमन का आधार
# एक ईश्वर एक विश्व परिवार

## अलकापुरी – बडौदा :

अदभुत धमाकेदार प्रोग्राम में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री भ्राता जितेन्द्रभाई सुखडिया ने दिल से अभिनंदन करते हुए उत्साह भरे शब्दों में कहा कि बहुत अच्छा भव्य आयोजन किया गया है जिससे मुझे विश्वास हो रहा है कि सुखमय दुनिया अवश्य आएगी। ब्रह्माकुमारीज के अथक प्रयासों द्वारा मूल्यनिष्ठ समाज जरूर आयेगा।

अलकापुरी बडौदा - सबजोन की संचालिका ब्र.कु. डॉ. निरंजनाबहन ने सबसे पहले निराकार परमात्मा शिव के साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा का स्वागत कर उनकी सूक्ष्म उपस्थिति का अहसास कराया। सर्व का स्वागत करते हुए उन्होने कहा कि अब दुःख का समय पूरा हो रहा है और सुखमय संसार के स्वागत का समय आ गया है ।

संस्था के मुख्यालय माउन्ट आबु से पधारे एक्झीक्युटीव सेक्रेटरी और शिक्षा प्रभाग के वाईस प्रेसीडन्ट भ्राता मृत्युंजयभाई ने गुजरात की भरपूर तारीफ करते हुए भ्राता नरेन्द्रभाई मोदी को याद कर अभिनंदन किया । ब्रह्माकुमारीज द्वारा मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के लक्ष्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि जिनको हम जन्मों से याद कर पूजन करते आए है वह निराकार परमात्मा स्वयं आ चुके हैं और प्रजापिता ब्रह्मा के साकार माध्यम द्वारा सहज ज्ञान और सहज राजयोग सिखा रहे है। इसी संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। उन्होनें कहा कि भारत एक महान देश है और भारत में गुजरात। गुजरात नई दुनिया को लाने में सबसे ज्यादा सहयोगी है क्योकि विश्वभर में गुजराती हैं और उनका सेवाभाव अद्‌भुत है।

अहमदाबाद से पधारे ब्र.कु. चंद्रिका बहन ने सभी को चार बाते बताई पहली स्वयं को पहचानो आप शरीर नही आत्मा हो, दूसरी परमात्मा जो हमारे पिता है उनसे हमारे सर्व संबंध है इसलिए उनपर भरोसा रखो, तीसरा अपने व्यव्हार में मूल्यों को लाओ और चौथा अपना अनुभव दूसरों को सुनाओ। राजयोग सिखने का आह्वाहन करते हुए उन्होने ॐ ध्वनी के साथ सुंदर राजयोग का अनुभव भी कराया ।

भूतपूर्व मेयर और वुडा चेरमेन भ्राता एन.वी. पटेल ने खुले दिलसे अभिनंदन करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों से स्वर्ग जरुर आएगा। मृत्यृंजयभाई की बातों का समर्थन करते हुए उन्होने गुजरात की महिमा को दोहराते हुए कहा कि गुजरात ही एकमात्र राज्य है जहाँ व्यसनमुक्ति है और गुजरात के बहुत ज्यादा लोग शाकाहारी हैं।

अहमदाबाद से पधारे हुए गुजरात जोन की संचालिका ब्र.कु. सरलादीदी नें सबको आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्लेटिनम ज्युबीली केवल ब्रह्माकुमारीज की नहीं लेकिन आप सबकी है। हम सब एक ईश्वर की एक ही परिवार के हैं इसलिए आपका  ईश्वरीय परिवार में हार्दिक स्वागत है। आप भी जरुर इस ज्ञान और योग का लाभ उठाए। मंगलवाड़ी सबजोन की संचालिका ब्र.कु.राजबहन,माजी धारासभ्य तथा जिला पंचायत खेतीवाड़ी, पशुपालन एंव सिंचाई प्रभाग के चेरमेन भ्राता कांतिभाई तडवी तथा प्रख्यात उद्योगपति भ्राता पी.टी.शाह ने अपनी शुभेच्छाए  व्यक्त की।

राजयोग की अभ्यासी  कुमारियों द्वारा तथा विनयनृत्य कलाकेन्द्र की बहनों द्वारा सुंदर मनोरंजन कार्यक्रम किया गया। बहन तरवीन्दरजी ने सुंदर भजनों द्वारा सभा को मंत्रमुग्ध किया ।

ब्र.कु.  नरेन्द्रभाई ने सबका आभार किया । माउन्ट आबू से पधारे ऐंकर और कवि ब्र.कु. विवेकभाई ने समग्र कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। अंत में सेवाकेन्द्र पर आयोजित राजयोग शिबिर का सभी को आमंत्रण दिया गया तथा सभी आमंत्रित महेमानों ने ब्रह्माभोजन – प्रसाद ग्रहण कर विदाई ली।